प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

17.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

एक राष्ट्र–एक चुनाव

एक राष्ट्र–एक चुनाव से संबंधित दो विधेयक आज लोकसभा में पेश किए जाएंगे। केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल सदन में संविधान संशोधन विधेयक और केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयक पेश करेंगे। एक राष्ट्र–एक चुनाव से संबंधित दोनों विधेयकों को सदन की आज की कार्यवाही में सूचीबद्ध किया गया है। हाल ही में सरकार ने देश में एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर विचार के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार किया है। इस कानून के बनने के बाद इसे दो चरणों में लागू किया जाना है। पहले चरण में, लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ करवाए जाएंगे जबकि पंचायत व स्थानीय निकाय के चुनाव, आम चुनाव के सौ दिनों के भीतर कराने का प्रस्ताव है। इस बीच, भारतीय जनता पार्टी ने अपने सभी लोकसभा सांसदों को आज सदन में उपस्थित रहने के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी किया है।

सत्र तैयारियां

विधानसभा का शीतकालीन सत्र कल 18 दिसंबर से धर्मशाला के समीप तपोवन में शुरू होने जा रहा है, जो 21 दिसंबर तक चलेगा। सत्र के सुचारू संचालन में सहयोग के लिए विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सत्र से पहले आज धर्मशाला में सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस बीच, विधानसभा अध्यक्ष ने कल तपोवन विधानसभा परिसर में शीतकालीन सत्र की तैयारियों का जायजा लिया।

रोहित ठाकुर

शिक्षा विभाग गैस्ट टीचर भर्ती के निर्णय को लेकर जहां विपक्ष सरकार को घेर रहा है वहीं बेरोजगार युवाओं ने भी अपना विरोध जताया है। इस सबके बीच शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने स्पष्ट किया है कि सरकार की पहली प्राथमिकता शिक्षकों की सीधी भर्तियां हैं। केवल अंतिम विकल्प के रूप में गैस्ट फैकल्टी की सेवाएं ली जाएगी। उन्होंने कहा कि गैस्ट फैकल्टी की नियुक्तियों से पहले एस ओ पी तैयार की जा रही हैं

आगजनी

लाहौल स्पीति जिला के लोसर में राजकीय वारिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बीती रात आग लगने की घटना में स्कूल के 4 क्लास रूम व लाइब्रेरी पूरी तरह जल गए हैं। स्कूल के स्टाफ, ग्रामवासी व प्रशासन की मदद से आग पर काबू पाया गया। इस घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। लाहौल स्पीति विधायक अनुराधा राणा ने बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो इसके लिए उचित कदम उठाने का स्थानीय प्रशासन को  निर्देश दिए हैं।

शिमला विंटर तैयारियां

आगामी विंटर पर्यटन सीजन व् बर्फबारी को देखते हुए शिमला जिला में प्रशाशन ने तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण फैसले लिए है। उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में हुई बैठक में 20 दिसम्बर से आगामी एक महीने के लिए यातायात की रूपरेखा बनाई गयी है वहीँ सर्दियों में यातायात सुचारु बनाये रखने के लिए भी तैयारियों के निर्देश दिए गए है। अधिक जानकारी के साथ शिमला से हमारे संवाददाता योगराज शर्मा।

सुर्खियां समाचार पत्रों से

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

हिमाचल में ग्रेड–एक और दो अफसरों की बिजली सब्सिडी बंद शीर्षक से अमर उजाला ने लिखा है सीएम सुक्खू की अध्यक्षता में हुई ऊर्जा विभाग की बैठक में फैसला। दैनिक भास्कर की सुर्खी है जनवरी से ग्रेड–एक और दो अफसरों की सब्सिडी बंद।

विधानसभा के शीतकालीन सत्र से जुड़ी खबर को पंजाब केसरी ने शीर्षक दिया है सुर्खी है विधानसभा में पहली बार शीतकालीन सत्र से शुरू होगी शून्यकाल की व्यवस्था। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं अब पांच दिन धर्मशाला से चलेगी सरकार, आज मंत्रियों–विधायकों संग पहुंचेंगे मुख्यमंत्री।

दैनिक जागरण ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के हवाले से लिखा है शिक्षकों के 28 सौ पद भरेंगे।

12 वर्ष की अवधि के लिए सरकार लेगी 500 करोड़ का कर्ज संबंधी खबर भी अधिकांश समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई है।